## सार-समाचार

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार से 2 लाख की अंग्रेजी शराब पकडी है। राजस्थान निर्मित शराब को तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बिछीवाडा थानाधिकारी ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत हेड कांनि.प्रतापसिंह जाब्ते के साथ गश्त कर रहे थे। बिछीवाडा से छापी, कनबा, धामोद, मालमाथा की ओर से वापस बिछीवाडा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान धामोद टॉवर के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार आते हुए दिखाई दी। पुलिस की गाडी को देखकर तस्कर स्विफ्ट डिजायर कार को मुडाकर वापस भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड लिया। कार ड्राइवर तस्कर ने अपना नाम मोहम्मद रफीक पुत्र शमशेर खान पठान निवासी पातेला बताया। वहीं पुलिस पूछताछ में वह घबरा गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो पीछे की सीट पर काला कपडा डाला हुआ था। उसके नीचे शराब के कार्टन भरे हुए थे,लेकिन शराब को लेकर कोई जानकारी नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने राजस्थान निर्मित शराब के 44 कार्टन जब्त कर लिए। जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस शराब तस्कर से पूछताछ कर रही है।

### दो मकानों से जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। अन्यत्र गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवरात नकदी चुरा लेगए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अनिल कुमार पुत्र भेरूलाल हरिजन निवासी विजयसिंह पथिक नगर वीआईपी कॉलोनी सामने सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 8 जून को परिवार सहित परिचित के यहां आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए हिरणमगरी सेक्टर 5 गए थे। वहां से वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था।तलाशी ली तो सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की चेने, टॉप्स जोड़ी, दो अंगुठियां, चांदी का चटका तथ करीब 1500 रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।इसी तरह शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र आरएचबी कॉलोनी सेक्टर 14 निवासी पवन लौहार पुत्र शंकरलाल लौहार के सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पवन बाहर गया थ। वापवस लौटा तो वारदात का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी तथा चोरी गए माल की रिपोर्ट पडताल कर देने की रिपोर्ट दी है।

### हमले में युवक घायल, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 8 जून को ईदरीस पुत्र युसुफ निवासी सज्जन नगर ए ब्लॉक अपने साथियों के साथ नीम खेड़ा कैलाश भाट के घर गया था। जहां जहां किसी बात को लेकर कैलाश का उसकी दादी से विवाद होने पर झगड़ा हो रहा था। इस दौरान राहूल पुत्र जगदीश ने अपनी नानी के साथ झगड़ा होने का पता चलने पर से पत्थर मारा जो ईदरीस के सीर में जा लगा। जिससे वह गंभीर घायल हो गया तथा उपचार के लिए उसे चिकित्सालय में भर्ती करवाया। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कियां इधर इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में आामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी के सुपरविजन में एएसआई किशनसिंह ने अनुसंधानमें मिले साक्ष्यों के आधार पर हमलावर राहूल को गिरफ्तार किया। जिससे पूछतांछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में नानी से झगड़ा करने के चलते पत्थर फैकने की जानकारी सामने आई है।

### मोबाईल व नकदी लूटी

**उदयपुर, (कासं)।** मजदूरी कर घर लौट रहे श्रमिक के साथ मारपीट कर बदमाश नकदी व मोबाईल लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8जून रात में वाघपुरा बिजली गांव निवासी नरेश पुत्र बाबूलाल कसोटा अपने साथी माकड़ा देव निवासी ललित भूदरा को बाइक पर बिठा कर उदयपुर से गांव लौट रहा था।जहां बीच रासते खजूरघाटी गोरण रोड़ पर मिले अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने मुझे रोक कर मारपीट कर धमकाया तथा मेरा मोबाईल व जेब से 5 हजार रूपये नकदी लूट ले गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं जिसकी जांच एएसआई हेमेन्द्र कर रहे है।

### पूर्बिया अध्यक्ष निर्वाचित

**उदयपुर, (कासं)।** पूर्बिया कलाल समाज ओंगणा की वार्षिक बैठक कलालिया बावजी परिसर में रखी गई। बैठक में निर्वाचन अधिकारी राम चन्द्र पूर्बिया के सानिध्य में चुनाव करवाएं गए। अध्यक्ष पद का मुकाबला नरेश पूर्बिया व खेमराज पूर्बिया के मध्य हुआ । जिसमें 75 परिवार के मुखिया ने मतदान किया। जिसमें नरेश पूर्बिया को 56 मत मिले और खेमराज पूर्बिया को 18 मत मिले। इस प्रकार नरेश पूर्बिया 38 मत से विजय घोषित किया गया। एडवोकेट मुकेश पूर्बिया ने बताया कि नरेश पूर्बिया 2006 से 2022 तक लगातार 16 साल तक निर्विरोध अध्यक्ष रहे और समाज के विकास के कई कार्य करवाए जैसे सामुहिक विवाह, समाज भवन और खेल कूद प्रतियोगिता करवाई।

# सेवानिवृत्त महासंघ ने मांगों को लेकर कलेक्टर से की वार्ता

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा से मुलाकात की और आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) से जुडी विभिन्न समस्याओं तथा अस्पतालों में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा।

संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि वृद्ध रोगियों के लिए फोटो युक्त पर्ची की सुविधा केवल आरके जिला अस्पताल में ही उपलब्ध है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजसमंद, कमला नेहरू अस्पताल और तहसील मुख्यालयों पर यह सुविधा नहीं है, जिसके कारण वृद्ध सेवानिवृत्त कर्मचारियों को काफी लंबी दूरी तय कर आरके जिला अस्पताल आना पडता है, जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानी होती है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष घनश्याम जोशी, महामंत्री सत्यनारायण व्यास, परमेश्वर आचार्य, राजेंद्र पालीवाल, शिवलाल खींची, बंसीलाल रांका, रोडी लाल सहित सदस्यों ने यह भी बताया कि फोटो युक्त पर्ची का समय भी केवल दोपहर 2 बजे तक ही है। उन्होंने इसे



**आरजीएचएस से जुडी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपते राज्य सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी।**

बढाकर रात 8 बजे तक करने की मांग की, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वाले वृद्ध सेवानिवृत्तों को भी इसका लाभ मिल सके। गोस्वामी ने जिला कलेक्टर को बताया कि राज्य सरकार का स्पष्ट आदेश है कि वृद्ध रोगियों के लिए पंजीकरण और चिकित्सक को दिखाते समय अलग से पंक्ति बनाई जाए, ताकि उन्हें लंबा इंतजार न करना पडे। साथ ही सरकार ने उनके लिए निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था के भी आदेश दे रखे हैं, लेकिन जिला अस्पताल इन आदेशों की अनदेखी कर रहा है और उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने एक और महत्वपूर्ण मांग रखी कि जिन वृद्ध सेवानिवृत्तों का लंबा इलाज चल रहा है और उन्हें एक ही प्रकार की दवाई लंबे समय तक लेनी पडती है, ऐसे रोगियों की दवाइयां राजसमंद में भी रिपीट करने की व्यवस्था की जाए। विशेषकर उन मामलों में जहां इलाज उदयपुर, जयपुर अथवा अन्य जगहों के डॉक्टरों से चल रहा है, ताकि उन्हें बार-बार इन स्थानों पर जाने को मजबूर न होना पडे। जिला कलेक्टर ने इन सभी मांगों पर यथाशीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने राह भटके बालक व बालिका को दिया सहारा

**डूंगरपुर, (निसं)।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1०98 पर दो लावारिस गुमशुदा बालक एवं बालिका के असहाय अवस्था में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। कॉलर द्वारा बताया गया डूंगरपुर शहर के न्यू बस स्टैंड एवं मांडवा खापरडा में दो अलग-अलग जगह लावारिस गुमशुदा बालक एवं बालिका को मदद की आवश्यकता है।

इस अवसर पर बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में दो टीम से कमलेश जैन, महेंद्र कलाल, बलदेव परमार और अर्चना मनात बालक एवं बालिका के पास पहुँचे और उनकी सहायता कर उनको चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय लाए। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा बालक एवं बालिका से बातचीत करने के दौरान बालक ने अपना नाम कालूराम उम्र 8 वर्ष पिता देवीलाल मीणा माता बसंती निवासी कागदर केसरयाजी जिला उदयपुर होना बताया व बालिका ने अपना नाम वसुंधरा उम्र 14 वर्ष पिता रमेश कलासुआ माता सीता निवासी कागदर केसरयाजी जिला उदयपुर होना बताया।

चाइल्ड हेल्पलाइन व कोतवाली पुलिस के सयुक्त तत्वावधान में बालक एवं बालिका को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा बालक को अस्थाई आश्रय राजकीय किशोर गृह तिजवड, और बालिका को अस्थाई आश्रय बालिका गृह मुस्कान संस्थान डूंगरपुर में दिलवाया गया है। जो कोई भी व्यक्ति इस बालक और बालिका के संबंध में और अधिक जानकारी रखता हो तो तत्काल 1098 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय मे सूचित करें।

प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं. 2283-85 **लोक-सूचना** दिनांक: 16/06/2025

श्री गिरीराज बिल्ड होम्स एल.एल.पी.नाथद्वारा जरिये भागीरथ श्री संजय कुमार सिघंवी पिता श्री धर्मचन्द सिंघवी निवासी 311 तीसरा माला गोकुल प्लाजा नया रोड़ नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | तरसिंगड़ा | 460<br>461/2<br>462/2<br>502/3 | रकबा 1.1736 हैक्टेयर में से रकबा 1.0271 हैक्टेयर,<br>रकबा 0.0809 हैक्टेयर में से 0.0707 हैक्टेयर,<br>रकबा 0.4775 हैक्टेयर में से रकबा 0.3155 हैक्टेयर,<br>रकबा 0.0991 हैक्टेयर में से रकबा 0.0454 हैक्टेयर, |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10/06/25 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगरपरिषद, राजसमन्द**

# परिजनों को युवक का शव सौंपा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र घाटा वाली माताजी पुलिया निचे रेल्वे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत होने पर पुलिस ने उसकी शिनाख्त कर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

प्रकरण के अनुसार 7 जून को प्रतापनगर थाना क्षेत्र घाटा वाली माताजी पुलिया निचे रेल्वे ट्रेक पर असारवा कोटा जाने वाली ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 36 वर्ष रंग गेहूआ, गोल चेहरा, सिर पर काले बाल, कान में सोने के लोग व गले में कारा धागा तथा शरीर पर गुलाबी टीशर्ट तथा काली पेंट पहने है। जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवाया है।

इस मामले में हेडकांस्टेबल अमरसिंह ने मृतक की शिनाख्त चिकलवास बडगांव निवासी सुअलाल पुत्र कल्याणजी गुर्जर निवासी देवलिया अजमेर थाना सराना के रूप में शिनाख्त कर उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## समीक्षा बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान एडीएम राठौड़ ने विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की जिले में प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

## खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ 16 से

**उदयपुर, ।** उदयपुर में 16 से 30 जून तक जिला एवं संभाग स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर लगेंगे। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर की ओर से प्रदेश में ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर की घोषणा कर दी है। परिषद की ओर से जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रशिक्षण शिविर 16 जून से 30 जून तक होंगे। शिविरों में 12 से 18 वर्ष के खिलाडी भाग ले सकेंगे। जिला स्तर पर 100 तथा संभाग स्तर पर 150 खिलाडी भाग ले सकेंगे। उदयपुर में ये शिविर महाराणा प्रताप खेलगांव एवं महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउण्ड) में आयोजित होगे। इन में इच्छुक खिलाडी भाग ले सकते है। प्रशिक्षण शिविर तैराकी, बास्केटबाल, वालीबाल, लॉन-टेनिस, तीरन्दाजी, हॉकी, लेक्रोस, जूडो, बाक्सिग, टेबल-टेनिस, फुटबाल, एथलेटिक्स,कुश्ती, कायकिंग एण्ड केनो ग खेलो में आयोजित होगे।

# कृषक-वैज्ञानिक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**डूंगरपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को 13 वें दिन कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं केंद्रीय भेड व ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, टोंक वैज्ञानिक, कृषि विभाग व उद्यान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नौ ग्राम पंचायतों ब्लॉक चिखली के गुन्दलारा, उदडिया व भचडिया खारा ग्राम पंचायतों, ब्लॉक सीमलवाडा के साकरसी, सीमलवाडा व गडा पट्टा पीट ग्राम पंचायतों तथा ब्लॉक आसपुर के सकानी, इंदोडा व रामगढ ग्राम पंचायतों में कृषक-वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया तथा किसानों के फिडबेक लिए गए। अभियान में वैज्ञानिकों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों को वैज्ञानिक तरीव्ळे से खेती करने व पशुपालन करने के उपाय सुझाए। किसानों को अपने उत्पादन व आय बढाने के लिए नवाचारों को अपनाने व पारंपरिक खेती के साथ खेती की आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों व प्राकृतिक खेती आदि को अपनाने हेतु प्रेरित किया।

प्रथम टीम के वैज्ञानिक व विशेषज्ञ ब्लॉक आसपुर के सकानी, ईन्दोडा व रामगढ ग्राम पंचायतों में गए। जहां पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. सी.एम.बलाई ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी। प्रमुख खरीफ फसलों की उत्पादन तकनीकियों की विस्तार से कृषकों को जानकारी दी तथा किसानों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. बलाई ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को खेतों तक पहुंचाना, किसानों की आय बढाना है। इस अभियान की महत्ता, इसके उद्देश्य व इससे किसानों को होनेवाले लाभों से अवगत कराया तथा किसानों को इस अभियान से अधिकाअधिक जुडने हेतु प्रेरित किया। द्वितीय टीम के वैज्ञानिक व विशेषज्ञ ब्लॉक चिखली के गुन्दलारा, उदडिया व भचडिया खारा ग्राम पंचायतों में गए जहां पर वैज्ञानिक(पौध व्याधि) डॉ.बी.एल. रोत, कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों जैसे बीजामृत, जीवामृत, अग्नी अस्त्र, दशपर्णी के बारे में बताया।

# प्रतिनिधि मण्डल ने ज्ञापन दिया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतह सिंह राठौड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधी मण्डल ने जिला कलक्टर से भेट कर आधुनिक राजस्थान के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाडिया की प्रतिमा पुनः स्थापित करने को लेकर ज्ञापन दिया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज पालीवाल ने बताया कि पिछले दिनों उदयपुर शहर में आए आंधी तूफान की वजह से सुखाडिया सर्किल स्थित मूर्ति स्थल पर लगी हुई सुखाडिया की आदमकद मूर्ति गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई थी उसके बाद अभी तक मूर्ति पुनः स्थापित नहीं हो पाई उसी को लेकर प्रतिनिधि मण्डल ने ज्ञापन दिया ज्ञापन में लिखा की सुखाडिया साहब आधुनिक राजस्थान के निर्माता थे।उदयपुर और राजस्थान के विकास में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए उनकी मूर्ति शीघ्र अतिशीघ्र सुखाडिया सर्किल स्थित निर्धारित स्थान पर लगनी चाहिए जिससे आने वाली पीढी को प्रेरणा मिले।प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल कृष्ण शर्मा, महामंत्री और प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा,वरिष्ठ नेता के के शर्मा, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दिनेश कुमार दवे,ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह,राजेश चुग,गौरीशंकर पटेल मौजूद थे।

## सोम फीडर नहर की सफाई शुरू

**डूंगरपुर।** आसपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमेश मीणा की लगातार कोशिशों से सोम फीडर नहर की वर्षो से अटकी हुई सफाई का काम आज औपचारिक रूप से शुरू हो गया। इस काम के शुरू होते ही क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर उम्मीद की रोशनी नजर आने लगी है। अब उन्हें नहर में पानी पहुंचने की आस जगी है। पिछले कई सालों से सोम फीडर नहर की सफाई न होने की वजह से किसानों को सिंचाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा था, लेकिन अब विधायक उमेश मीणा की सक्रियता और जल संसाधन विभाग के सहयोग से यह काम तेजी से आगे बढ रहा है।

कार्य स्थल पर विधायक उमेश मीणा ने कहा, श्किसानों की समस्याएं मेरी पहली प्राथमिकता हैं। नहर की सफाई से हजारों किसानों को फायदा मिलेगा और उनकी फसलें समय पर सिंचित हो सकेंगी। इस पहल से धावडी, ओडवाडिया, देवसोमनाथ, सवगढ, खेमपुर, गणेशपुर, इन्दौडा, रामगढ और काठंडी जैसे गांवों में सिंचाई की स्थिति में सुधार की उम्मीद है। लंबे समय से पानी की बाट जोह रहे किसानों को अब बडी राहत मिलने वाली है। सफाई कार्य की शुरुआत के मौके पर जल संसाधन विभाग के अधिकारीए दोवडा के प्रधान श्री प्रभुलाल अहारीए स्थानीय जनप्रतिनिधि,पार्टी कार्यकर्ता और बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली

**डूंगरपुर।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जलग्रहण विकास एवम् भू-संरक्षण विभाग के तत्वाधान में जिले के सभी ब्लॉक में कलश यात्रा, पौधारोपण, संकल्प के साथ-साथ कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया।

अधिशासी अभियंता रवि कटारा ने बताया कि मंगलवार को विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉक में अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों एवं विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति आसपुर की ग्राम पंचायत पारडाथूर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत प्रगतिरत विकास कार्य का अवलोकन स्थानीय जन समुदाय के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विपुल मीणा के द्वारा की गई एवं कार्य का शुभारंभ नारी शक्ति द्वारा पांच दीप प्रज्वलन कर जामुन के वृक्ष की पूजा कर किया। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं वार्ड पंचों के द्वारा कचनार व नीम के पौधे का वृक्षारोपण भी किया गया। इस कार्यत्रम में सौ से अधिक मातृ शक्ति द्वारा भाग लिया गया। कार्यत्रम का समापन जल संरक्षण जन अभियान संकल्प लेकर किया गया।

- **संकल्प,पौधारोपण एवं कार्यो के हुए शिलान्यास व लोकार्पण हुए**

**दोवडा में पक्का चौक डेम लोकार्पण:**-इसी त्रम में वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत मंगलवार को गांव दरा ग्राम पंचायत पाल मांडव पंचायत समिति दोवडा में जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा पक्का चेक डेम कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यत्रम में सरपंच ग्राम पंचायत पाल मांडव एवं लगभग पचास से अधिक ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने भाग लिया कार्यत्रम में अधिशासी अभियंता रवि कटारा एवं कनिष्ठ अभियंता सुश्री रोमी मीणा द्वारा विभागीय योजनाओं एवं जल ग्रहण क्षेत्र में करवाए जा रहे हैं कार्यो के बारे में जानकारी दी गई एवं सरकार द्वारा स्वीकृत जल संरक्षण कार्यो की उपयोगिता जैसे भू जल स्तर में वृद्धि एवं मिट्टी कटाव को रोकना आदि के बारें में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में वंदे गंगा कार्यक्रम अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

चकमहुडी में ईसीडी कार्य का हुआ लोकार्पण:-वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत गांव घाटा चक ग्राम पंचायत चक महुंडी पंचायत समिति डूंगरपुर में जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा ईसीडी कार्य पुल के पास का लोकार्पण किया गया ।

कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत चक महुडी एवं बडी संख्यामें ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता राहुल मीणा द्वारा विभागीय योजनाओं एवं जल ग्रहण क्षेत्र में करवाए जा रहे हैं कार्यो के बारें में जानकारी दी गई एवं सरकार द्वारा स्वीकृत जल संरक्षण कार्यो की उपयोगिता जैसे भू जल स्तर में वृद्धि एवं मिट्टी कटाव को रोकना के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम अंतर्गत जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई गई।

अधिशासी अभियंता रवि कटारा ने बताया कि विभाग के अन्य ब्लॉक में भी साफ सफाई,पौधारोपण, संकल्प, कलश यात्रा आदि कार्यत्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ-साथ आम जन की भी सहभागिता रही।

## उत्कल रंजन राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)उत्कल रंजन साहू (88 बैच) को मंगलवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। साहू वर्ष 1989 से भारतीय पुलिस सेवा में कार्यरत हैं। ओडिशा के निवासी हैं साहू ने एम.टेक (इंजीनियरिंग,जियोलॉजी)की शिक्षा प्राप्त की है।

साहू ने अपनी लंबी सेवा अवधि में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए राजस्थान पुलिस को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रशिक्षण के बाद उनकी पहली पोस्टिंग वर्ष 1991 में एएसपी जोधपुर ईस्ट के रूप में हुई। इसके बादए 1993 में वे कमांडेंट आठवीं बटालियन आरएसी अगरतला में कार्यरत रहे। एसपी के रूप में उन्होंने धाौलापुर,बाडमेर,आारएसाबाीआाई जयपुर,हनुमानगढ,सीकर,बांसवाडा, श्रीगंगानगर,भीलवाडा और जोधपुर शहर जैसे विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दीं। जोधपुर शहर से पदोन्नति के बाद वे उपमहानिरीक्षक के पद पर एसीबी (स्पेशल विजिलेंस) में कार्यरत रहे।इसके पश्चात उन्होंने आईजी एसीबी कोटा रेंज,पुलिस मुख्यालय,रूल्स, प्लानिंग एवं मॉडर्नाइजेशन, इंटेलिजेंस जैसे वरिष्ठ पदों पर कार्य किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में उन्होंने इंटेलिजेंस, एवं मुख्यमंत्री सुरक्षा, गृह रक्षा एवं प्लानिंग एवं मॉडर्नाइजेशन में भी उल्लेखनीय कार्य किया। वे डीजी प्लानिंग एवं मॉडर्नाइजेशन एवं गृह रक्षा भी रहे। वर्ष 2024 से साहू राजस्थान पुलिस के पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वर्ष 2016 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से और 2005 में पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। साहू के नेतृत्व में पुलिस बल की कार्यशैली में नवाचार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढावा मिला है,जिससे पुलिस व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पालीदाना पंचायत समिति सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-121 दिनांक-10.06.2025

**-: ई-निविदा सूचना -01/2025-26:-**

ग्राम पंचायत पालीदाना में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं UBN N0 ZUD2526GLRC00764 अन्तर्गत जारी निविदा सूचना अनुसार आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत पालीदाना, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पालीदाना, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डलावास पंचायत समिति सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रापकु/ई निविदा/02/2025-26 दिनांक-09.06.2025

**-: ई-निविदा सूचना संख्या-02/2025-26:-**

ग्राम पंचायत कुण्डलावास में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 18-06-2025 को सायं 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(UBN N0 ZUD2526GLRC00798)

सरपंच, ग्राम पंचायत कुण्डलावास, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कुण्डलावास, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

**कार्यालय ग्राम पंचायत चित्रावास पंचायत समिति सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रापचि/निविदा/02/2025-26/31 दिनांक-09.06.2025

**-: ई-निविदा सूचना संख्या-02/2025-26:-**

ग्राम पंचायत चित्रावास, में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 18-06-2025 को सायं 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(UBN N0-ZUD2526GLRC00799)

सरपंच, ग्राम पंचायत चित्रावास, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत चित्रावास, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )